आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नए जीएसटी सुधारों की सराहना की। कहा – इससे खपत बढ़ेगी और पूंजीगत व्यय पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने मिलाद–उन–नबी के अवसर पर द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।
- डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपना इकतालीसवां स्थापना दिवस मनाया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कंधन कुमारसेन को राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस वर्ष शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कारों के लिए पैंतालीस शिक्षकों का चयन किया गया था। जिनमें चौबीस पुरूष और इक्कीस महिलाएं शामिल थी।

<><><><><><><>

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर – जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पुंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। वित्तमंत्री सीतारामन ने कहा कि निन्यानबे प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से अटठारह प्रतिशत तक का जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर पचास प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है। निर्मला सीतारामन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य न केवल सभी वस्तुओं का देश में उत्पादन करना है बलकि अनिशचित वैशविक व्यापार नीतियों का आत्म सम्मान के साथ सामना करना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता ने एन सी ई आर टी भारत सरकार और विज्ञान भारती के सहयोग से कक्षा छठीं से नौवीं तक के स्कूली छात्रों के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन दो हजार पच्चीस–छब्बीस में भाग लेने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा। विज्ञान केंद्र, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक के सहयोग से, श्री विजयपुरम में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिभा खोज परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी के साथ–साथ बारह प्रमुख क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के विजेताओं को देश के अग्रणी अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में इटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा और विजेताओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सभी इच्छुक छात्रों से व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से अपना नाम पंजीकृत कर इस अनूठे कार्यक्रम में भाग लेने को कहा गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि तीस सितम्बर है।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने मिलाद–उन–नबी के अवसर पर द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पैगम्बर हज़रत मोहम्मद के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पवित्र त्योहार आध्यात्मिक महत्व रखता है और इसे श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समानता का संदेश देता है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह शुभ दिन सभी द्वीपवासियों के बीच एकता और सदभावना के बंधन को मजबूत करने तथा द्वीपसमूह के निर्माण में मिलकर काम करने के लिए हमे प्रेरित करता है।

<><><><><><><>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल कुमार तिवारी ने हाल ही में मुख्य सचिव चन्द्र भूषण कुमार से मुलाकात कर द्वीपसमूह से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने सभी विषयों को सुना और आश्वासन दिया कि जिन मामलों का निपटारा प्रशासनिक स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान किया जाएगा। साथ ही, जिन मुद्दों को भारत सरकार के स्तर पर उठाने की आवश्यकता है, उन्हें भी नियमानुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने कल अपना इकतालीसवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाता द्वारा कुल इकतीस यूनिट रक्तदान किया गया। इसके बाद नशा मुक्त भारत अभियान पर एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे

संस्थान के प्राचार्य डॉ. सन्मुख कौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में डीब्रेट के छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। अपने संबोधन में, डॉ. कौर ने मादक द्रव्यों के सेवन को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से अपने पड़ोसियों और परिवार के सदस्यों को एक स्वस्थ और मजबूत समाज के लिए नशीले पदार्थों से दूर रहने के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। इस अवसर पर होटल प्रबंधन विभाग के छात्रों ने "पराठा महोत्सव" का आयोजन किया, जिसमें 15 प्रकार के भरवां पराठे तैयार किए गए। डीब्रेट के छात्रों ने ''ऐतिहासिक से आधुनिक युग तक" शीर्षक पर एक ट्रेजर हंट का भी आयोजन किया।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षिणक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की श्रेणीवार और विषयवार अंतिम वरियता सूची आठ सितम्बर को शाम चार बजे कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी। परामर्श दस सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से होगी और कक्षाएं ग्यारह सितम्बर से शुरू होंगी। सभी पात्र उम्मीदवारों से प्रवेश के दिन सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ समय पर काउंसलिंग में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के छात्रों के लिए शैक्षिणक सत्र दो हजार पच्चीस छब्बीस के लिए क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भुवनेश्वर में आरक्षित बी एस सी बी एड पाटठयक्रम में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अस्थायी वरियता सूची कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर प्रदर्शित कर दी गई है। दावे और आपत्तियां नौ सितम्बर शाम पांच बजे तक सचिवालय के सहायक सचिव के पास भेजे जा सकते है।

<><><><><><>

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने जनता और संबंधित हितधारकों से मछली पकड़ने वाले जहाजों द्वारा समुद्र में मत्स्यपालन के सतत दोहन के लिए दिशा निर्देशों का प्रस्ताव दो हजार पच्चीस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सुझाव आमंत्रित करने की अंतिम तिथि पन्द्रह सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। टिप्पणियाँ एवं सुझाव विभाग की ईमेल पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगर परिषद की विभिन्न मार्केट में स्थित छियालीस दुकानों को किराया न चुकाने के कारण सील कर दिया गया है। किराएदारों को एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि वे इस नोटिस के

प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर अपना किराया चुका दें। ऐसा न करने पर उनका आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और बकाया राशि की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा पंडालों व विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, मूर्तियों की ऊँचाई सोलह फीट से कम रखी जाएगी तथा पर्यावरण–अनुकूल सामग्री का उपयोग अनिवार्य होगा। अग्नि व विद्युत सुरक्षा उपाय, लाउडस्पीकर का उपयोग रात दस बजे तक किया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष में सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जाएगा।

<><><><><><><>